Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

>

Title: Need to recognise the castes declared as O.B.C. by the Government of Rajasthan. – Laid.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न प्रदेशों ने अन्य पिछड़ा वर्ग की सूचियां जारी की हैं। ये सूचियां अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट पर जारी की गयी है। महोदय, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग राजस्थान एवं केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नियम एक है। राजस्थान पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी सभी गवाहों के बयान लेकर जातियों के नाम अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए तय किये हैं। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा गठित आयोग उन रिपोर्टो को नहीं मान रहा है। इस कारण कई जातियों को राज्यों द्वारा अन्य पिछडा वर्ग में लिया जा चुका है। लेकिन केन्द्र सरकार ने उसे मान्यता नहीं दी है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान सरकार द्वारा घोाति अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों को केन्द्र सरकार भी मान्यता दे।